गुरुग्राम
मंगलवार
22 नवंबर, 2022
वर्ष 10, अंक 322
पृष्ठ 08
मूल्य ₹1.00

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
ह्यूमन इंडिया
हम बनेंगे आपकी आवाज



Website : www.epaperhumanindia.in ; E-mail : humanindiadaily@gmail.com 08

शीघ्र भरे जाएंगे एलएंडटी कंपनी द्वारा वार्ड 10 की सड़कों पर खोदे गड्ढे

# सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का शुभारंभ

ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो

**बल्लभगढ़।** सोमवार को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में प्राचार्य डॉ कृष्ण कांत गुप्ता जी के कुशल नेतृत्व में समग्र कल्याण प्रबंधन विषय पर सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।कोविड- 19 महामारी के कारण सभी गतिविधिया रुक गई थी, इसके बाद सभी का ध्यान हॉलिस्टिक वैलनेस की तरफ आकर्षित हुआ। जिसमें शारीरिक,मानसिक ,आत्मिक और बौद्धिक विकास हो, जिससे सभी लोग स्वस्थ और खुशहाल जीवन यापन कर सके। इस कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य जी के वक्तव्य के साथ हुआ।उन्होंने विभिन्न महाविद्यालय और विश्वविद्यालय से आए हुए सभी शिक्षकों और प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का कार्य सिर्फ शिक्षा प्रदान करना और विद्यार्थियों द्वारा अच्छे मार्क्स प्राप्त करना ही नहीं है अपितु आज शिक्षकों का कार्यभार हॉलिस्टिक एजुकेशन है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास जरूरी है। उन्होंने बताया कि इश्वक 2020 में भी हॉलिस्टिक एजुकेशन पर ही जोर दिया गया है। कार्यक्रम संयोजक डॉ मनोज शुक्ला जी ने कार्यक्रम की विषय वस्तु को सभी के साथ सांझा किया। उन्होंने इस कार्यक्रम की महत्वता पर प्रकाश डाला।

इस सत्र के मुख्य वक्ता मंजूश्री जी (योगा प्रशिक्षक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश की महिला शाखा (महिला पतंजलि योग समिति) राज्य अध्यक्ष) ने हॉलिस्टिक वैलनेस के बारे में प्रतिभागियों को बताया। उन्होंने योग की महत्वता के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि योग के माध्यम से आप कैसे, अपना सर्वांगीण विकास कर सकते हो। उन्होंने बताया कि योग में आपकी हर बीमारी का इलाज है। उन्होंने सात्विक आहार की महत्ता को भी बताया। रोचक कहानियों के माध्यम से अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया।

यह कार्यक्रम संयोजक डॉ मनोज शुक्ला, समन्वयक डॉ शिल्पा गोयल और डॉ इनायत चौधरी की देखरेख में किया गया। मंच संचालन डॉ डिंपल द्वारा किया गया। इस सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम में 200 से भी अधिक प्रतिभागियों ने अपना नामांकन किया।